This question paper contains 8+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

7595

**B.A. (Programme)/II/III E-I**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper II

हिंदी भाषा (ग)—प्रश्न-पत्र II

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10=20

(क) प्राचीन, मध्य और उत्तरकाल की बहुत-सी रूढ़ियाँ वर्तमान काल में भी हमारा पीछा करती आई हैं। पुराने लोकाचार, मान्यताएँ, सामाजिक रीति-रिवाज और धार्मिक कर्मकांडी विधियाँ लोगों के मन में इतनी गहराई तक पहुँची हुई

हैं कि इनसे छुटकारा पाना आसान नहीं है। दुर्भाग्यवश ये पुराने दुराग्रह व्यक्ति और राष्ट्र दोनों के विकास को रोकते हैं। इस तरह की बातों को उपनिवेशीय परिस्थिति में जान-बूझकर बढ़ावा दिया जाता रहा। जब तक समाज से अतीत के ऐसे दुराग्रहों को दूर नहीं कर देंगे, तब तक भारत तीव्र गति से आगे नहीं बढ़ सकेगा। जातिवाद और संप्रदायवाद देश की एकता कायम रखने और उसे प्रगति के रास्ते पर आगे ले जाने में बाधक बने हुए हैं।

(*i*) 'उपनिवेशीय परिस्थिति' से आप क्या समझते हैं ?

(*ii*) लेखक किन दुराग्रहों को दूर करने की बात कह रहा है ?

(*iii*) 'संप्रदायवाद' से क्या तात्पर्य है ?

(*iv*) उपर्युक्त अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) यह विलक्षण प्रतिभा के चमत्कारी बालक की धुँआधार पारी नहीं थी। यह एक परिपक्व, अनुशासित और विचारवान, अनुपम प्रतिभासम्पन्न सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की विलक्षण पारी थी। इसे खेलकर सचिन तेंदुलकर ने उन लपलपाती विष जिह्वाओं का जहर उतारा, जो कहती थीं कि सचिन भारत के बाहर तेज और उछाल देने वाली पिचों पर तूफानी गोलंदाजी नहीं खेल सकते, संकट और निर्णय के मौके पर उनके हाथ-पाँव फूल जाते हैं और भले ही महान बल्लेबाज हों, संकटमोचक और मैच विनर नहीं हैं। इसीलिए एलन बॉर्डर ने दुनिया भर के गोलंदाजों को आगाह किया है। बॉर्डर कोई भारतीय अखबारों के दंभी और टुच्चे रिपोर्टर नहीं हैं। विश्व विजेता आस्ट्रेलियाई टीम उनकी बनाई हुई है।

(i) उपर्युक्त अनुच्छेद के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) 'लपलपाती विष जिह्वाओं का जहर' उतारने से लेखक का क्या आशय है ?

(*iii*) 'यह एक परिपक्व, अनुशासित और विचारवान, अनुपम प्रतिभासम्पन्न सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की विलक्षण पारी थी'—लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

(*iv*) आलोचक सचिन तेंदुलकर पर क्या आरोप लगाते थे ?

(ग) 'प्रभुता पाइ काहि मद नाही' तुलसी बाबा भले कह गए
जिसमें वाजिद अली बह गया उसी बाढ़ में आप बह गए
आप बने शिक्षा-मंत्री तो देहातों के स्कूल ढह गए
हम तो करते रहे पढ़उनी, जेल न जाके यहीं रह गए
और आपका तो कहना क्या, मुँह से बहै आरत की धारा
आदर्शों की छौंक मारकर अजी, आपने हमें सुधारा
उपदेशों की धुआँधार में अकुलाता शिक्षक बेचारा
अजी, आपको लगता होगा सुखमय यह भूमंडल सारा

(i) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ? इसके कवि का नाम लिखिए।

(ii) ''प्रभुता पाइ काहि मद नाहीं' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'आदर्शों की छौंक मारकर अजी आपने हमें सुधारा'— इस पंक्ति में निहित व्यंग्य-भाव का उद्‌घाटन कीजिए।

(iv) इन पंक्तियों में शिक्षा मंत्री की तुलना वाजिद अली से क्यों की गई है ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5+5+5=15

(i) 'ताम-झाम थे प्रजातंत्र के लटका था सामंती ताला'—मास्टरजी ने अपने विरोध-पत्र में ऐसा क्यों लिखा। (मास्टर)

(ii) बलदेव सिंह के चरित्र की विशेषताएँ बताइए।

(बलदेव सिंह)

(*iii*) लेखक ने हिटलर को रावण क्यों कहा है ?

(वारसा की डायरी)

(*iv*) धर्म के नाम पर धनी वर्ग गरीबों के साथ कैसा व्यवहार करता है ? (धर्म की आड़)

3. (क) हिंदी भाषा-क्षेत्र का सामान्य परिचय दीजिए। 5

(ख) राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी के विकास पर प्रकाश डालिए। 5

(ग) संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति स्पष्ट कीजिए। 5

4. निम्नलिखित अपठित अनुच्छेद के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

शोषक वर्ग की राजनीति का सार है—व्यक्ति के शरीर और व्यक्तिगत सम्पत्ति की रक्षा। शोषित वर्ग को न शरीर की चिन्ता है, न सम्पत्ति की। उनका तो शरीर और उनकी श्रमशक्ति यही सम्पत्ति है। मगर ये दोनों भी अमीरों के हाथ में बिकी जैसी हैं, ठीक जैसे कसाई के हाथ में गाय पड़ी हो। शोषक

वर्ग की राजनीति उसके लिए किसी काम की नहीं। कानून अगर गारण्टी ही करे तो इस बात की करे कि 'कमाने वाला खायेगा'। काम करने वाले सुखी जीवन गुजारें—यही किसानों और मजदूरों की राजनीति होनी चाहिए। इस राजनीति को परवान चढ़ाने के लिए किसानों को किसान सभा का ही भरोसा करना चाहिए।

(*i*) उपर्युक्त अवतरण का शीर्षक दीजिए। 2

(*ii*) किसानों और मजदूरों की राजनीति क्या होनी चाहिए और क्यों ? 3

(*iii*) शोषक वर्ग की राजनीति से क्या तात्पर्य है ? 3

5. अपने आवासीय क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं की शिकायत हेतु पुलिस उपायुक्त को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

पानी की समस्या के समाधान हेतु क्षेत्रीय जल-प्रबंधक को एक पत्र लिखिए।

6. (क) निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों में से किन्हीं **चार** का अर्थ स्पष्ट करते हुए इनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5

अपना उल्लू सीधा करना, आँखों का तारा होना, ईंट का जवाब पत्थर से देना, ख्याली पुलाव पकाना, नाच न जाने आँगन टेढ़ा, घर की मुर्गी दाल बराबर।

(ख) किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 6

(*i*) मैंने पटना जाना है।

(*ii*) अनेकों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

(*iii*) सबसे सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर को पुरस्कृत किया जाएगा।

(*iv*) वह हँसता हँसता रोने लगा।

(*v*) भारत ही केवल शांतिप्रिय राष्ट्र है।

(*vi*) उसे बड़ा दुख हुआ।

7. (क) किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(*i*) बेरोजगारी की समस्या

(*ii*) बदलती भारतीय राजनीति

(*iii*) विश्व पुस्तक मेला।

(ख) महाविद्यालय में आयोजित 'वाद-विवाद प्रतियोगिता' **अथवा** 'वार्षिक पुरस्कार-वितरण समारोह' पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 5

8. (क) कोश की परिभाषा देते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

**अथवा**

एकभाषी एवं द्विभाषी कोश का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ख) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

सत्य, अंग, अपयश, मत, ज्ञान, कृतज्ञ, शान, जग।